# प्रशासन के ढुलमुल रवैये पर अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

## अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में कहा प्रशासन की पंगू व्यवस्था, हड़पी जमीन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले की प्रशासनिक मशीनरी का ढुलमुल रवैया और सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी से भागने की पुरानी आदत अब सीधे मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के रडार पर आ गई है। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने अशोकनगर प्रशासन को आड़े हाथों लिया और कड़े शब्दों में चेताया कि आयोग की ताकत क्या है, शायद अभी कोई जानता नहीं है!

डॉ. जाटव ने जिले में पसरी व्यवस्था पर करारा व्यंग्य करते हुए कहा कि यहां प्रशासन पूरी तरह नेताओ का पंगु बना बैठा है। गरीब और अनुसूचित वर्ग के लोग न्याय के लिए भटक रहे हैं, यहां तक कि थानों में उनकी शिकायतें तक रिसीव नहीं की जातीं। हद तो यह है कि कागजों पर जिन गरीबों को पट्टे मिल चुके हैं, उन्हें जमीन का कब्जा आज तक नसीब नहीं हुआ। और जहां कब्जा मिला भी, वहां साठ-गांठ करके जमीनें बेच दी गईं।




### विकास या गरीबों की जमीन पर कब्जा ?

प्रेसवार्ता में अध्यक्ष श्री जाटव ने कहा कि बाईपास रोड निर्माण के मुद्दे को बेहद प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाईपास के नाम पर अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से गरीबों की जमीनें हड़पी जा रही हैं। वहीं उन्होंने स्पष्ट रूप से प्रशासन को चेताते हुए कहा कि गरीबों को परेशान करने वाली इस अंधेरगर्दी को आयोग कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। बाईपास निर्माण में जमीन गंवाने वाले 4 पीड़ितों के आवेदन आयोग को मिले हैं। मामले में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों को जल्द ही नोटिस थमाए जाएंगे। वहीं अब देखना दिलचस्प होगा कि आयोग के इस कड़े रुख और बयानों के बाद नींद में सोया अशोकनगर का प्रशासनिक अमला जागता है या ढालमढोल का खेल यूं ही जारी रहता है!

# हवाई हमले से बचाव के लिए होगा मॉकड्रिल

**आज रात्रि में किया जाएगा आयोजन**

**रात्रि 9 बजे किया जाएगा ब्लैक आउट**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** किसी भी आपातकालीन परिस्थिति या हवाई हमले के दौरान खुद को सुरक्षित रखने और नागरिक सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अशोकनगर नगरपालिका क्षेत्र में एक विशेष ब्लैकआउट मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। यह पूर्वाभ्यास 23 जुलाई गुरुवार की रात ठीक 9:30 बजे आयोजित होगा।

### प्रशासन ने की अपील

प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि इस मॉकड्रिल के समय सभी अपने-अपने घरों और दुकानों की लाइटें पूरी तरह बंद ब्लैकआउट कर सुरक्षित स्थानों पर रहने का अभ्यास करें। पहला सायरन अलर्ट रात 09:28 बजे तेज-धीमी ध्वनि में सायरन बजेगा। इसका मतलब है कि खतरा भांपकर तुरंत अपने घर/प्रतिष्ठान की लाइटें बंद कर दें और सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। वहीं ब्लैकआउट अभ्यास रात 09:30 बजे से पूर्ण रूप से अंधेरा रखकर सुरक्षा अभ्यास करें। दूसरा सायरन (ऑल क्लियर) रात 09:35 बजे एक समान स्थिर आवाज में सायरन बजेगा। यह संकेत होगा कि स्थिति सामान्य हो गई है और आप लाइटें पुन: चालू कर सकते हैं। वहीं प्रशासन ने अपील कि यह केवल नागरिक सुरक्षा की तैयारियों को परखने और लोगों को जागरूक करने के लिए किया जा रहा एक अभ्यास मात्र मॉकड्रिल है। इसे लेकर किसी भी प्रकार की घबराहट या अफवाह न फैलाएं। स्वयं भी सीखें और अपने आसपास के लोगों को भी इस सुरक्षा प्रक्रिया की जानकारी दें।

## एक नजर में

### परामर्शदात्री समिति की बैठक में गूंजे शिक्षक संघ के तीखे सवाल

**अशोकनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शिक्षकों की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया कि क्रमोन्नति और पदोन्नति में हो रही देरी से शिक्षकों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। जिसके चलते माह की 21 तारीख बीत जाने के बाद भी अशोकनगर ब्लॉक के 760 शिक्षकों का वेतन न मिलने से बैंक ईएमआई और पारिवारिक खर्चों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं 2001, 2013 एवं 2014 में नियुक्त शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी करने तथा 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति का लाभ तुरंत देने की मांग की गई। वहीं ई अटेंडस ऐप में तकनीकी खामियों, नेटवर्क की कमी और लोकेशन मैच न होने जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में असामाजिक तत्वों के दुर्व्यवहार पर रोक लगाने तथा वेतन निर्धारण हेतु संयुक्त संचालक कोष लेखा का शिविर अशोकनगर में आयोजित करने की मांग रखी गई। वहीं शिवकुमार शर्मा कहा कि गोपनीय प्रतिवेदन तैयार करना संकुल प्राचार्य का दायित्व है, न कि शिक्षकों का। समयसीमा में काम न करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिंडोसकर, डीईओ मधु शर्मा, डीपीसी राहुल शर्मा सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नई जिम्मेदारियों के साथ भाजपा नगर मंडल की नई टीम का सम्मान

**चंदेरी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चंदेरी की नवगठित कार्यकारिणी के सम्मान में विधायक कार्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें में नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा संगठन ही हमारी असली ताकत है। संगठन में दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। आपकी चाल और चरित्र में स्पष्ट दिखना चाहिए कि आप भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। वहीं नगर मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत ही संगठन को मजबूती प्रदान करती है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष उषा शरद साद, नीलेश दुबे, साकूलाल रैकवार, विशंभर सिंह सेंगर, संजीव चौबे, देवाशीष राय; महामंत्री सोमेन्द्र कुमार जैन, अशोक लालमणि; कोषाध्यक्ष गौरव जैन, मीडिया प्रभारी विनीत श्रीवास्तव, आईटी सेल प्रभारी कलेक्टर सिंह यादव सहित अन्य नव-मनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अरुण सोमानी, दीपक शर्मा, नारायण सिंह यादव, शिव रघुवंशी, जगन्नाथ पिप्पल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुप्त नवरात्रि के अष्टम दिवस गौरी-शंकर का पंचामृत अभिषेक एवं विशेष हवन संपन्न

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में गुप्त नवरात्रि महोत्सव भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। महोत्सव के आठवें दिन श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव भगवान गौरी-शंकर का विधिवत पंचामृत से अभिषेक किया। पूजन के दौरान पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शिव महिम्न स्तोत्र का सस्वर पाठ कराया। देवी भागवत के शास्त्रोंक्त नियमों के अनुसार, यह धार्मिक आयोजन बिना किसी आडंबर और प्रदर्शन के पूर्ण निष्ठा व सादगी के साथ संपन्न किया जा रहा है। वहीं अष्टम दिवस पर माता त्रिपुर सुंदरी को हलवा, पूरी और चने का विशेष भोग अर्पित किया गया, जिसके उपरांत वैदिक मंत्रों के साथ हवन-कुंड में आहुतियां दी गईं। वहीं पूजन व हवन के बाद भव्य महाआरती हुई, जिसमें उपस्थित महिला श्रद्धालुओं ने माता रानी की स्तुति करते हुए मधुर भक्ति-कीर्तन किए। इसके अलावा पूरे धार्मिक अनुष्ठान के दौरान क्षेत्र में समृद्धि और अच्छी वर्षा के लिए ईश्वर से विशेष प्रार्थना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कॉलोनी एवं आसपास के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मोबाइल शॉप में सेंध लगाने वाला गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद किये चोरी के मोबाइल, बीना से पकड़ा गया

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर मोबाइल शॉप में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए 80 हजार रुपये के चोरी हुए मोबाइल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल 21 जुलाई की रात शांति नाथ मंदिर निवासी फरियादी सफल जैन की दुकान से अज्ञात चोर ने सेंध लगाकर 5,000 रुपये नगद सहित लावा, सैमसंग और 2 आईफोन पार कर दिए थे। रिपोर्ट दर्ज होते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच का दायरा बीना और सागर तक बढ़ाया। कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी संदीप उर्फ संजीव यादव 19 वर्ष, निवासी सेमरी पिपरई को बीना रेलवे स्टेशन के पास से धर दबोचा गया। वहीं आरोपी के पास से चोरी किए गए चारों मोबाइल (कीमत लगभग 80,000) विधिवत जब्त कर लिए गए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस सफल कार्यवाही में उप निरीक्षक सत्येंद्र कुशवाहा, एएसआई विनोद तिवारी, प्रधान आरक्षक नवल शर्मा, आरक्षक विष्णु धाकड़, बृजभान यादव, पवन बघेल एवं महिला आरक्षक प्रतीक्षा रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।



### विद्युत लाइन काटने वाले दबंग पर FIR

**मुंगावली।** बहादुरपुर के ग्राम कुकावली और जारोली के बीच पंप लाइन काटकर आधा दर्जन किसानों की बिजली ठप करने वाले दबंग के खिलाफ बहादुरपुर पुलिस ने देर रात कायमी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आरोपी खलक सिंह पुत्र मरजाद सिंह यादव ने मनमानी करते हुए पंप लाइन काट दी जिससे धान की फसल सिंचाई के बिना संकट में पड़ गई। सूचना मिलने पर बिजली विभाग ने जब लाइनमैन को भेजा तो आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर भगा दिया। मामला बढ़ने पर म.प्र.म.क्ष.वि.वि.कं. लि. के सहायक प्रबंधक ने सोमवार सुबह बहादुरपुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। सोमवार को दिनभर थाने में किसान और आरोपी पक्ष डटे रहे। दोनों ओर से नेताओं और रसूखदारों के फोन घनघनाते रहे।आखिरकार विभागीय पत्र के दबाव में पुलिस ने रात लगभग 11:30 बजे खलक सिंह यादव के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत मामला दर्ज कर लिया। कार्रवाई के बाद मंगलवार सुबह प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और काटी गई लाइन को तुरंत जुड़वाया। वही 4 दिन तक बिजली बंद रहने से किसानों की धान की फसल को जो भारी नुकसान हुआ है।



# मानसून पूर्व तैयारी : एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश और आगामी मानसून को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। अनुविभागीय अधिकारी मनीष धनगर ने चंदेरी के संभावित बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम धनगर ने राजस्व विभाग की पूरी टीम के साथ ग्राम पंचायत खैरा और चुरारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय पुल-पुलियाओं पर जलस्तर की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र राजघाट बांध के समीप बेतवा नदी के किनारे स्थित है, जिससे मानसून के दौरान यहां बाढ़ का खतरा बना रहता है। आपदा प्रबंधन को पुख्ता करने के उद्देश्य से एसडीएम ने सरपंच और सचिव को ग्रामीणों को सुरक्षित रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से खैरा, चुरारी एवं बेतवा नदी तटीय क्षेत्र देखे, जहां जलस्तर पर सतत निगरानी, ग्रामीणों के लिए अलर्ट सिस्टम और सुरक्षित स्थानों का चयन है। इस मौके पर राजस्व विभाग की टीम, सरपंच, रोजगार सहायक मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने जांचीं व्यवस्थाएं, दिये निर्देश

**वाटर सप्लाई कार्यो की गुणवत्ता पर सख्त**

**अधिकारियों को दिये जांच के निर्देश**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। दिशा बैठक में ईसागढ़ की वाटर सप्लाई गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बाद बुधवार को कलेक्टर साकेत मालवीय खुद एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने ईसागढ़ पहुंचकर एमपीयूडीसी द्वारा कराए जा रहे जल प्रदाय कार्यों की गुणवत्ता का स्थलीय निरीक्षण किया और कमियों को लेकर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।**

कलेक्टर ने मौके पर पाई गईं कमियों को दूर करने के लिए पीएचई , राजस्व, एमपीयूडीसी और नगरीय निकाय के अधिकारियों का एक संयुक्त दल गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह दल पूरे प्रोजेक्ट का भौतिक सत्यापन कर जांच रिपोर्ट सौंपेगा और पाइपलाइन की प्रॉपर लाइन टेस्टिंग सुनिश्चित कराएगा।

स्वास्थ्य केंद्र से लेकर राजघाट परियोजना का लिया जायजा:

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजघाट पेयजल शहरी परियोजना पाइपलाइन विस्तार के कार्यों की प्रगति जानी और स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना का क्रियान्वयन तय समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ़ का निरीक्षण करते हुए उन्होंने प्रसूति वार्ड और जनरल वार्ड की व्यवस्थाएं परखीं। इसके अलावा भ्रमण के दौरान उन्होंने बीईओ एवं बीआरसी कार्यालयों का भी जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





# जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में एआईडीएसओ का विरोध प्रदर्शन

**छात्रों ने की एनटीए भंग करने की मांग**

**प्रदर्शन में मांग शिक्षा मंत्री का इस्तीफा**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन ( AIDSO) ने पछाड़ीखेड़ा चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज, NTA को भंग करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर किया गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए AIDSO की जिला उपाध्यक्ष पूजा ओझा ने कहा कि सरकार शांतिपूर्ण आंदोलनों का दमन कर तानाशाही रवैया अपना रही है। छात्रों पर आंसू गैस के गोले छोड़ना और लाठीचार्ज करना घोर अलोकतांत्रिक है। वहीं राज्य परिषद उपाध्यक्ष देवेंद्र विजौरे ने कहा कि पिछले 12 सालों में 150 से अधिक भर्ती परीक्षाओं में धांधली हुई है, जिससे करोड़ों छात्र प्रभावित हुए हैं। हाल ही में हुए पेपर लीक के कारण कई छात्रों ने आत्मघाती कदम उठाए हैं, जो बेहद दुखद है।

### छात्र संगठन ने ये रखी प्रमुख मांगें:

प्रदर्शन के दौरान छात्र संगठन द्वारा NTA को तुरंत भंग किया करने एवं पेपर लीक पर कड़ा अंकुश लगाने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देने और अनशन कर रहे सोनम वांगचुक व अन्य प्रदर्शनकारियों से सरकार वार्ता कर समाधान निकाले जाने की मांग की गई। इसके अलावा छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलनों पर पुलिसिया दमन बंद करने, देश के सभी बेरोजगार युवाओं को रोजगार की गारंटी दी जाने की मांग की गई।




### राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने रात में दिया धरना

**अशोकनगर/ शाढ़ौरा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बीती रात्रि में जिलामुख्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी ने और शाढ़ौरा में जिला कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान शहर में गांधी पार्क पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के विधायक सहित पदाधिकारियों ने रात्रि में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन दिया, तो वहीं शाढ़ौरा में ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य सड़क किनारे बैठकर एक दिवसीय शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक धरना-प्रदर्शन किया। यह विरोध-प्रदर्शन थाना परिसर के समीप स्थित पाइप फैक्ट्री के सामने आयोजित किया गया। धरने के दौरान कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर विपक्ष की आवाजदबाने की कोशिशों की कड़े शब्दों में निंदा की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी ने कहा लोकतंत्र में असहमति और विरोध का सम्मान होना आवश्यक है। राजनीतिक मतभेदों का समाधान लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही होना चाहिए, किसी भी प्रकार की दमनात्मक कार्रवाई से नहीं। कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा और जनता के अधिकारों के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान और जनहित के मुद्दों पर लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस रात्रिकालीन विरोध-प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**समर्थन** | **प्रदर्शन के दौरान गीता पाठा से दिया जा रहा है कर्म का संदेश**

# दिल्ली आंदोलन के समर्थन में विपक्ष का 24 घंटे का अनशन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** देश के युवाओं के भविष्य, रोजगार और शिक्षा से जुड़े अधिकारों की रक्षा के लिए अब जिला स्तर पर भी विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। दिल्ली में सोनम वांगचुक और देश के अनगिनत युवाओं द्वारा मांगों को लेकर जारी प्रदर्शन के समर्थन में बुधवार को नगर के स्थानीय गांधी पार्क में विपक्ष ने 24 घंटे का सांकेतिक अनशन शुरू किया है।

इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की नीतियों और कथित हठधर्मिता के खिलाफ युवाओं को जागरूक करना है। अनशन का नेतृत्व कर रहे नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष व पार्षद रीतेश जैन आजाद और सुधीर शर्मा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश का युवा आज अपने हक के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की पुरजोर मांग की।




### अहिंसक विरोध के बीच गीता पाठ का अनोखा नजारा:

गांधी पार्क में चल रहे इस अनशन के दौरान एक बेहद दिलचस्प और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। आंदोलनकारियों ने अपने विरोध को आध्यात्मिक और वैचारिक ताकत देने के लिए श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ किया। जिसमें भगवान श्री कृष्ण ने गीता में संदेश दिया है कि कर्म किए जा, फल की चिंता मत कर।

आज का युवा भी अपने अधिकारों और बेहतर भविष्य के लिए निस्वार्थ भाव से संघर्ष कर रहा है। यह अनशन केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि तानाशाही के खिलाफ युवाओं की चेतना जगाने का एक संकल्प है। वहीं गांधीवादी और अहिंसक तरीके से जारी इस 24 घंटे का अनशन को स्थानीय युवाओं का भी इसे व्यापक समर्थन मिल रहा है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, चन्देरी, जिला अशोक नगर, मध्यप्रदेश

क्रमांक 3063/निर्माण शाखा/2026 — चन्देरी, दिनांक 22/07/2026

### प्रथम ई-निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए निविदा मानदंडों को पूरा करने वाले लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत एजेंसी / फर्म ठेकेदारों / निविदाकारो से ऑनलाइन बोली आमंत्रित हैं :-

| क्र. | कार्य का नाम | ऑनलाइन टेण्डर नं. | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क.20 में फतेहाबाद मेन रोड़ के पास स्थित श्मशान घाट पर विभिन्न निर्माण / मरम्मत कार्य कराये जाने बावत्. | 2026_UAD_523021_1 | 21.15 | रु. 15870/- रु.5000/ | 24.08.2026 | 02 माह |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाषन ऑनलाइन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते हैं, अलग से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्रीमती अनीता पाण्डे पद समयपाल से संपर्क करें. संपर्क मोबाइल नं. 7987694027.

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद, चन्देरी, जिला अशोक नगर, मध्यप्रदेश**

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, चन्देरी, जिला अशोक नगर, मध्यप्रदेश**